# दिल्ली पब्लिक स्कूल , जम्मू
## सत्र – (2017 – 2018)
## पुनरावृत्ति पत्रिका (वार्षिक परीक्षा)

विषय – हिंदी | कक्षा – पाँचवीं

**प्र०1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–**

पढ़ाई–लिखाई और अच्छे संस्कारों के साथ–साथ खेल–कूद का भी हमारे जीवन में बहुत महत्त्व है। खेल और व्यायाम शरीर को स्वस्थ रखते हैं। विद्यार्थियों के शरीर के समुचित विकास के लिए खेल बहुत ही आवश्यक है। प्रतिदिन खेलने वाले विद्यार्थियों के तन के साथ–साथ उनका मन भी स्वस्थ रहता है। खेल खेलने से अपनी टीम के प्रति जो लगाव उत्पन्न होता है, वह अनुशासन की भावना को जन्म देता है। खेलों से संगठन की भावना जागती है। यही भावना विद्यार्थियों में अपने विद्यालय, प्रांत, राज्य और राष्ट्र के प्रति भी लगाव उत्पन्न करती है। खेलों के माध्यम से एक राष्ट्र का दूसरे राष्ट्र से संपर्क बढ़ता है। विद्यार्थी के व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास खेलों के सहयोग से होता है। यह विद्यार्थी को सबसे अधिक प्रसन्नता दिलाने वाला क्षेत्र है।

**(क) निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें :–**

(1) विद्यार्थियों के लिए खेल क्यों आवश्यक हैं ?

(2) संगठन की भावना विद्यार्थियों में क्या उत्पन्न करती है ?

**(ख) निम्न शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखें :–**

(1) प्रतिदिन – हर रोज़ , रात

(2) तन – पेड़ , शरीर

**(ग) सही / गलत का निशान लगाएँ :–**

(1) खेलों से संगठन की भावना जागती है। (    )

(2) खेल और व्यायाम शरीर को स्वस्थ नहीं रखते। (    )

**(घ) निम्न दिए वाक्यों में सही विकल्प चुनकर लिखें :–**

(1) खेल किस भावना को जन्म देता है ?

(अ) अनुशासन    (ब) लड़ाई

(2) विद्यार्थी के व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास किसके सहयोग से होता हैं ?

(अ) सोने से    (ब) खेलों से

**प्र०2. निम्न दी गई कविता को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें :–**

पर्वत कहता शीश उठाकर
तुम भी ऊँचे बन जाओ।
सागर कहता लहराकर,
मन में गहराई लाओ।

समझ रहे हो क्या कहती है,
उठ–उठ गिर–गिर तरल तरंग।
भर लो, भर लो अपने मन में,
मीठी–मीठी मृदुल उमंग।

पृथ्वी कहती धैर्य न छोड़ो,
कितना ही हो सिर पर भार।
नभ कहता है, फैलो इतना,
ढक लो तुम सारा संसार।

(क) **सही उत्तर पर सही ( √ ) का निशान लगाएँ :–**

(1) शीश उठाकर कौन कहता है ?
(अ) सागर (ब) आकाश (स) पर्वत

(2) मन में गहराई लाने के लिए कौन कहता है ?
(अ) सागर (ब) धरती (स) नदी

(3) धैर्य न छोड़ने के लिए कौन कहता है ?
(अ) पृथ्वी (ब) आसमान (स) समुद्र

(4) कौन कहता है ढक लो तुम सारा संसार ?
(अ) नभ (ब) तारे (स) नदी

(5) कहाँ मीठी–मीठी मृदुल उंमग भरो ?
(अ) आँख में (ब) मन में (स) टाँग में

(ख) **निम्न दिए गए शब्दों के समान तुक वाले शब्द लिखें :–**

(1) तरंग –
(2) जाओ –

प्र03. **निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–**

(क) गुलीवर ने लिलिपुटवासियों की सहायता किस प्रकार की ?
(ख) 'कैकोट्टिकली' नृत्य किसे कहते हैं ?
(ग) गुरु महाराज अचानक हड़बड़ाकर क्यों उठ पड़े ?
(घ) उमाशंकर कौन थे और वह क्या काम करते थे ?

प्र04. **निम्न पंक्तियाँ पूरी करें :–**

(क) शशि भी मिटा नहीं ____________________
____________________ करता उजियार।
इस घमंड में सिर ____________________
____________________ देख रहा था सृष्टि।

(ख) कर्म–तप उसे ____________________
____________________ हो जाए।
अंतत : सागर ____________________
____________________ बना लेती है।

(ग) ऐसी बानी बोलिए, ____________________
____________________ आपहुँ सीतल होय।

प्र05. **निम्न रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :–**

(क) कुछ __________ लोग मुझ पर तीर चलाने लगे।
(ख) 'ओणम' के साथ राजा __________ की पौराणिक कथा जुड़ी हुई है।

(ग) गुरु जी ने खीझकर ____________ से कहा–काटो, जी भरकर काटो।
(घ) रोबोट–नियत्रंक के फेल हो जाने से शरद __________ हो उठा।

**प्र०6. निम्न दिए शब्दों के अर्थ लिखें :–**

(क) निगरानी –
(ख) पर्यटक –
(ग) धावा –
(घ) उत्तरदायित्व –

**प्र०7. सही विकल्प पर सही का निशान लगाएँ :–**

(क) कहीं की घड़ी में टन–टन कर कितने बजे ?
(अ) चार (ब) पाँच (स) छह
(ख) रोबोट उसके कमरे से क्या चीज़ लेकर बाहर गया ?
(अ) टीवी (ब) कैमरायुक्त पेन (स) टीवीयुक्त पेन

**प्र०8. किसने किससे कहा ?**

(क) 'ज़रा चल के देख लो।'
(ख) 'लल्लू बाबू कोठी में नहीं है।'

**प्र०9. सही या गलत का निशान लगाएँ :–**

(क) रात के लगभग एक बजे शरद को नींद सताने लगी। ( )
(ख) रोबोट नियत्रंण के फेल हो जाने से शरद खुश हो उठा। ( )

**प्र०10. निम्न वाक्यों में रेखांकित क्रिया शब्दों के भेद लिखें :–**

(क) लकड़हारे ने लकड़ियाँ काटीं।
(ख) मेरी पुस्तक कल खो गई।

**प्र०11. निम्न वाक्यों में रेखांकित विशेषण शब्दों के भेद लिखें :–**

(क) चाय में थोड़ी चीनी डाल दो।
(ख) मुझे दस खिलौने चाहिए।

**प्र०12. कोष्ठक में दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरें :–**

(क) श्रीराम की (माँ) ________________ का नाम कौशल्या था।
(ख) हमारी (पृथ्वी) ________________ का आकार गोल है।

**प्र०13. रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य पुनः लिखें :–**

(क) वरदराज को सभी मूर्ख समझते थे।
(ख) कक्षा में बच्चे अशांत बैठे हैं।

प्र०14. **निम्न रेखांकित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखकर वाक्य पुनः लिखें :–**

(क) तुम्हारा यह कार्य प्रशंसा के योग्य है।

(ख) मैंने अपने आदर करने योग्य दादाजी को प्रणाम किया।

प्र०15. **निम्न वाक्यों में रेखांकित क्रिया विशेषण शब्दों के भेद लिखें :–**

(क) मेरा बस्ता ऊपर रखा है।

(ख) मोहन दिनभर पढ़ता है।

प्र०16. **निम्न दिए मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ :–**

(क) लाल पीला होना

(ख) नाम फैलना

(ग) फूला न समाना

(घ) कान खड़े होना

प्र०17. **निम्न रिक्त स्थानों में उचित भिन्नार्थक शब्द भरें :–**

(क) आज अध्यापक तुम्हारे बारे में ____________________ रहे थे। ( पूछ / पूँछ )

(ख) मोहन के घर का सारा ____________________ चोरी हो गया। ( समान / सामान )

प्र०18. **कोष्ठक में लिखे काल के अनुसार वाक्यों को बदलकर लिखिए :–**

(क) चिराग आराम से सो रहा है। (भूत काल)

(ख) अनमोल मधुर गीत गाएगा। (वर्तमान काल)

प्र०19. 'होली का त्योहार' विषय पर सहायक सूची के माध्यम से अनुच्छेद लिखें :– (शब्द सीमा 80–90)
**सहायक सूची** – फाल्गुन मास , होलिका दहन , धूमधाम , उत्साह , मिठाई , पकवान , रंग–गुलाल , मौज–मस्ती , पिचकारी , गुब्बारे , बच्चों का मनपसंद

प्र०20. अपने मित्र को विद्यालय में रंगोली–प्रतियोगिता में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखें।